प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 23.01.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- केन्द्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा झारखंड के दौरे पर, गढ़वा में स्कूलों, अस्पतालों और अन्य सरकारी कार्यालयों का किया निरीक्षण, आकांक्षी जिला कार्यक्रम की कर रहे हैं समीक्षा।
- राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राज्य के चार डीसी और पुलिस अधिकारियों को राज्यपाल करेंगे पुरस्कृत, कई अन्य पदाधिकारियों और बीएलओ को भी मिलेगा पुरस्कार।
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती के अवसर पर झारखंड समेत देशभर में आज मनाया जा रहा है पराक्रम दिवस, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धाजंलि।
- रांची रेल मंडल के रामगढ़ कैंट और मुरी स्टेशनों पर फुट ओवरब्रिज निर्माण कार्य के लिए लिया जायेगा ब्लाक, 25 और 30 जनवरी को छह ट्रेनें रहेंगी रद्द, रांची–चोपन बदले मार्ग से चलेगी।
- हॉकी इंडिया लीग के महिला वर्ग में आज रांची में ओडिशा वारियर्स का सामना दिल्ली एसजी पाइपर्स से, पुरुष वर्ग में तमिलनाडु ड्रैगन्स की हैदराबाद तूफान से राउरकेला में होगी भिडंत।

*******************

उपभोक्ता मामलों के केन्द्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत गढ़वा जिले के दौरे पर हैं। वे आज जिले के सभी विभागों के प्रमुखों के साथ बैठक कर आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा कर रहे हैं। इससे पहले कल उन्होंने जिले के विभिन्न स्थानों का दौरा कर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जो काम साठ साल में नहीं हुए, वह पिछले दस साल में हुए हैं।

*******************

झारखंड में लोकसभा और विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रबंधन के लिए चार जिलों के उपायुक्तों समेत कई पुलिस पदाधिकारियों को पुरस्कृत किया जायेगा।

*******************

आज पराक्रम दिवस है। यह दिवस नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस अवसर पर संस्कृति मंत्रालय ओडिशा के कटक में तीन दिन का समारोह आयोजित कर रहा है। कटक नेताजी की जन्मस्थली है। झारखंड समेत देश के अन्य हिस्सों में भी कई कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी आज नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर श्रद्धाजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने कहा कि नेताजी साहस और धैर्य के प्रतीक थे।

*******************

रांची रेल मंडल के रामगढ़ कैंट और मुरी स्टेशनों पर फुट ओवरब्रिज निर्माण कार्य के लिए ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इस कारण कई ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। हटिया–खड़गपुर–हटिया एक्सप्रेस, रांची–आसनसोल–रांची मेमू और रांची–बोकारो स्टील सिटी–रांची पैसेंजर ट्रेन 30 जनवरी और आद्रा–बरकाकाना मेमू तथा टाटानगर–बरकाकाना पैसेंजर ट्रेन 25 जनवरी को रद्द रहेगी। इसके अलावा रांची–चोपन एक्सप्रेस 25 जनवरी को रांची–मुरी–टोरी रूट के बजाय रांची–टाटीसिलवे–मेसरा–बरकाकाना–टोरी होकर चलेगी।

*******************

झारखंड राज्य पंचायती विभाग ने आकांक्षी जिला गढ़वा के मझिआंव प्रखंड अंतर्गत तलशबरिया पंचायत के मुखिया महताब आलम का चयन दिल्ली के कर्तव्य पथ पर होने वाले गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए किया है। मुखिया महताब आलम ने इस सम्मान के लिए केंद्र और राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

*******************

सिमडेगा जिले की ग्रामीण महिलाएं मशरुम का उत्पादन कर आर्थिक रुप से सशक्त बन रही हैं।

*******************

हॉकी इंडिया लीग के महिला वर्ग में ओडिशा वारियर्स का सामना दिल्ली एसजी पाइपर्स से रांची में आज शाम सवा छह बजे होगा। पुरुष वर्ग में तमिलनाडु ड्रैगन्स का सामना राउरकेला में रात सवा आठ बजे हैदराबाद तूफान से होगा। इससे पहले कल महिला वर्ग में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स और पुरुष वर्ग में सूरमा हॉकी क्लब ने जीत हासिल की। दोनों वर्गों में दिल्ली एसजी पाइपर्स को हार का सामना करना पड़ा। मैच जीतने के बाद श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स की कप्तान उदिता दुहान ने कहा कि टीम के सभी खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत यह जीत मिली है।

इधर, दिल्ली एसजी पाइपर्स की कप्तान नवनीत कौर ने कहा कि इस मैच में हुई चूक से सबक लेकर उनकी टीम आगे बढ़ेगी और अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करेगी।

***************